**राजस्थान सरकार**

# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–माध्य / साप्र / डी.वी. / कनि.सहा.भर्ती–2024 / 2025 दिनांकः यथा हस्ताक्षर

## –:: विज्ञप्ति ::–

राजस्थान कर्मचारी चयन आयोग, जयपुर द्वारा आयोजित लिपिक ग्रेड–II / कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती–2024 अन्तर्गत अनन्तिम (Purely Provisional) रूप से सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन में 39 अभ्यर्थियों को **विज्ञप्ति के प्रावधानों के अनुसार दस्तावेज पूर्ण नहीं होने के कारण** प्रोविजनल रखा गया है। उक्त 39 अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट https://education.rajasthan.gov.in/secondary एवं राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर की अधिकारिक वेबसाईट www.rssmb.rajasthan.gov.in पर जारी की जाकर प्रोविजनल रहे उक्त 39 अभ्यर्थियों को विज्ञप्ति के प्रावधानों के अनुसार उनकी पात्रता का अंतिम रूप से निर्धारण किये जाने हेतु वांछित दस्तावेज जमा कराने बाबत् अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है।

अभ्यर्थी उक्त सूची में अंकित विवरणानुसार वांछित दस्तावेजों की मूल एवं छाया प्रति के साथ **दिनांकः 21–07–2025 को प्रातः 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, बीकानेर स्थित गोल बिल्डिंग में व्यक्तिशः उपस्थित होकर विज्ञप्ति के प्रावधानों के अनुसार वांछित दस्तावेजों की पूर्ति कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके पश्चात् दस्तावेज सत्यापन / पात्रता जांच की कार्यवाही बाबत् किसी प्रकार का अन्य दस्तावेज जमा कराने हेतु कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाकर, पात्रता निरस्त की जा सकती है, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।**

(सीताराम जाट)
I.A.S.
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक(वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

Signature Not Verified

Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2025.07.15 20:40:57 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 16572796